**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 04.05.2024** **समय 18.30**

- **23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 सदस्य लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जानने के लिए भारत के दौरे पर।**
- **राज्यपाल कलराज मिश्र ने जोधपुर फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के दीक्षांत समारोह में शिरकत की– उन्होंने संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने पर जोर दिया।**
- **राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट कल – परीक्षा में 24 लाख से अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे।**
- **प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ तापमान में उतार–चढाव का सिलसिला जारी।**

000

भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को समझने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 सदस्य दिल्ली आये हैं। ये प्रतिनिधि आज से शुरू हुए छह दिन के कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी चुनाव प्रबंधन निकायों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू कल प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद ये प्रतिनिधि विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव और संबंधित तैयारियों को जानने के लिए छह राज्यों – महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। इस कार्यक्रम का समापन इस महीने की 9 तारीख को होगा।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन के लिये नई शुरूआत होता है। राज्यपाल आज जोधपुर स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एफ.डी.डी.आई जोधपुर फैशन और फुटवियर तकनीक से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास होने चाहिये कि इस संस्थान में फुटवियर और फैशन उद्योग से जुड़े विश्व के उत्कृष्ट और निपुण डिज़ाइनर तैयार हों। साथ ही डिजाइनिंग के क्षेत्र में भी यह संस्थान उत्कृष्ट संस्थान बने। श्री मिश्र ने कहा कि वैश्विक बाजार की मांग के अनुरूप भारत इस क्षेत्र में अग्रणी बने ये हम सबका लक्ष्य होना चाहिए और यह संस्थान इस दिशा में महती भूमिका निभा सकता है।

समारोह के दौरान राज्यपाल ने वर्ष 2022 और 2023 के बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन और फैशन डिजाइन में ओवरऑल टॉपर को स्वर्ण पदक और कोर्स टॉपर को रजत पदक प्रदान किए।

000

राज्य सरकार ने उप श्रम आयुक्त और अलवर के कनिष्ठ सहायक देशराजसिंह गुर्जर को सेवा से बर्खास्त किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। अब श्रम विभाग कनिष्ठ सहायक को सेवा से बर्खास्त करने की कार्यवाही करेगा। इससे पहले अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में इन दोनों को कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने अलवर और खुशखेडा की दो औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध कारखाना अधिनियम की धारा 7–ए के तहत अदालत में मुकदमा चलाने के प्रस्तावों का भी अनुमोदन किया है। इन कारखानों में सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन के कारण हुए हादसे में तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई थी।

000

केन्द्र सरकार द्वारा नये संशोधित तीन कानूनों के बारे में जागरूकता के लिये जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में कार्यशाला आयोजित की गयी। एक दिन की कार्यशाला में सेवानिवृत्त आईपीएस और सीबीआई के पूर्व स्पेशल निदेशक डॉ डीसी जैन ने नए अधिनियमित आपराधिक अधिनियमों के साथ–साथ नए शुरू किए गए प्रावधानों और धाराओं में बदलावों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता निशीथ दीक्षित ने नए अपराधिक कानूनों में बुनियादी तकनीकी बदलावों के बारे में चर्चा की।

000

डूंगरपुर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने महिला अधिकारिता विभाग की ओर से जिला मुख्यालय पर चलाये जा रहे वन स्टॉप सेंटर यानि सखी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने घरेलू हिंसा और महिला अत्याचार के प्रकरणों के निस्तारण में वन स्टॉप केंद्र की भूमिका की जानकारी ली। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को चिकित्सा, कानूनी और पुलिस परामर्श और आश्रय की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह परीक्षा देशभर के पांच सौ 57 शहरों और देश से बाहर 14 शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर बीस मिनट तक चलेगी। एनटीए ने परीक्षार्थियों को डाउनलोड किए हुए प्रवेश पत्र ले जाने का निर्देश दिया है। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी की फोटो, हस्ताक्षर और रोल नंबर बारकोड होना अनिवार्य है।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज कई स्थानों पर बादल छाये हुए है। इससे तापमान में उतार–चढाव का सिलसिला बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि दिन चढने के साथ ही तेज धूप और तपन से आम जनजीवन प्रभावित रहा। गर्मी से बचने के लिए लोग विभिन्न उपाय कर रहे हैं।

........................

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 2–3 दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। मंगलवार को जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर जिलों में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना है। वहीं 8 मई को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुन्झुनू, कोटा और बारां जिलों में लू के हालात रहने के आसार है।

तेज गर्मी को लेकर राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी की है, इसमें गर्मी और लू से बचाव के उपायों को साझा किया गया है।

000

प्रदेश में इस बार अभी तक गर्मी के तेज नहीं होने और बार–बार आंधी, बूंदा–बांदी के मौसम के कारण सांगरी का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। बीकानेर क्षेत्र में सांगरी के पेड़ों पर फूलों के साथ गांठे दिखाई पड़ रही है। किसानों ने बताया कि लू नहीं चली साथ ही बारिश का भी अभाव रहा। इस कारण पेड़ों पर सांगरी की बजाय गांठे बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि सांगरी का एक पेड़ एक सीजन में करीब 10 हजार रूपये का मुनाफा देता है। खेत की फसल पौधों का निरीक्षण करने पहुंचे कृषि अधिकारियों ने भी कहा कि सांगरी के अलावा अन्य सब्जियों की प्रजातियों पर भी जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिल रहा है।

000

प्रदेश में तेज गर्मी के मद्देनज़र जलदाय विभाग एक नई पहल शुरु कर रहा है। विभाग प्रदेशभर में प्याऊ खोलने की योजना पर काम कर रहा है। इसकी मॉनिटरिंग का काम ज़िला कलेक्टरों के जिम्मे होगा। योजना के तहत दो तरह की प्याऊ खोली जाएंगी, जिसमें कुछ जगह पर मटकों से ठण्डे पानी की व्यवस्था की जायेगी, तो कुछ जगह भामाशाहों के सहयोग से वॉटर कूलर लगाए जाएंगे। मटकों और वॉटर कूलर में पानी भरने की व्यवस्था पीएचईडी विभाग करेगा।

000

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से एक चीते के करौली जिले के मंडरायल उपखंड स्थित सिमारा गांव में पहुंचने से सनसनी फैल गई। वन विभाग के अधिकारियों ने कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों को सूचना दी। उसके बाद पूना से आई विशेषज्ञों की टीम ने चीते का ट्रेंकुलाइज कर उसे पकड़ लिया। इसी दौरान कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों की टीम भी क्षेत्र में पहुंच गई है।

000

प्रदेश में अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा के अबूझ सावों पर बाल विवाहों की आशंका के मद्दे नजर प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं द्वारा जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। बाल अधिकारिता विभाग भरतपुर की ओर से आमजन को इस बारे में बताया जा रहा है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में अन्य सम्बद्ध विभागों की ओर से भी बाल विवाहों की रोकथाम के मद्दे नजर पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

000

सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर आज नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान सब्जी मंडी और मुख्य बाजारों से स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। उधर बालोतरा जिले के पाटौदी में राजस्व विभाग ने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाया। उपखण्ड अधिकारी राजेश विश्नोई और तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल ने गोचर भूमि और घुड़ दौड़ की जमीन पर किये हुए अवैध कब्जो को हटवाया।

000

कल अंतर्राष्ट्रीय हास्य दिवस है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हास्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में कल सुबह हास्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसमें लोगों को हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सहित कई गणमान्य लोग महोत्सव में शिरकत करेंगे। वहीं जयपुर के ही सेंट्रल पार्क में भी हास्य आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे।

000